ओ. एस.डी.ए.वी स्कूल, कैथल
जनवरी परीक्षा (2025)
कक्षा : दसवीं
विषय : हिंदी

SET :A

समय: 3 घंटे

M.M. : 80

- सामान्य निर्देश:-
- सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| Q.N. | खंड क अपठित बोध | Mark |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br>ग्रीष्म अवकाश के समय को पढ़ाई के दबाव से परे रचनात्मक सोच, सामुदायिक समझ और रिश्तों से जुड़ाव को पोषित करने में लगाना ज़रूरी है। सामुदायिक केंद्रों से जुड़े और सेवा देने वाले बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। ऐसे बच्चे न केवल समाज से जुड़ते हैं, बल्कि खुश भी रहते हैं। यह जुड़ाव बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत सँवारने के साथ ही मानवीय प्रवृत्तियों को भी सार्थक दिशा देता है। छुट्टियों का समय रिश्तों-नातों को जानने और जीने का भी मौका होता है। पहले संयुक्त परिवार में बच्चे दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ- ताई, बुआ के साथ रहकर बड़े होते थे। रिश्तेदारों का आना-जाना भी खूब होता था। मगर अब ऐसी व्यस्त जिंदगी है कि बच्चे सिर्फ़ अपने माता-पिता को ही जानते हैं। छुट्टियों का यह समय ऐसे संबंधों को जीने और जानने में लगाया जाए, यह खुद बच्चों के लिए ही नहीं, हमारे पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने को सहेजने के लिए भी ज़रूरी है। कुछ साल पहले एक ऑनलाइन पर्यटन कंपनी द्वारा किए गए परिवार सर्वेक्षण के अनुसार सत्तानवे प्रतिशत भारतीय किशोरों ने महसूस किया कि परिवार की छुट्टियाँ उन्हें अपने भाई-बहनों के करीब लाती हैं। उनहत्तर प्रतिशत ने माना कि उनकी पसंदीदा यादें परिवार के साथ बिताई छुट्टियों से जुड़ी हैं। बहुत से सामाजिक मनोवैज्ञानिक अध्ययन भी बताते हैं कि अवकाश का समय बच्चों को नई ऊर्जा और उत्साह से भर देता है। छुट्टियाँ बच्चों को खुश और होशियार बनाती हैं। सामाजिक कौशल सिखाती हैं। यह अभिभावकों के साथ अनौपचारिक रूप से संवाद करने का समय होता है। भटकाव के मौजूदा परिवेश में ऐसा खुला संवाद किशोरों की मानसिकता समझने में सहायक होता है। नई पीढ़ी को दिशाहीन होने से बचा सकता है। समय रहते अभिभावकों को सचेत कर सकता है।<br>(1) बच्चों के बीच रचनात्मक सोच, सामुदायिक समझ और रिश्तों से जुड़ाव को पोषित करने के लिए क्या अपेक्षित है?<br>(क) रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी (ख) ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग करना<br>(ग) परस्पर परिचर्चा में सभी की भागीदारी (घ) शिक्षा की बुनियाद रखना<br>(2) निम्नलिखित कथन तथा कारण को पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-<br>कथन : पारिवारिक ताने-बाने को सहेजने की आवश्यकता है।<br>कारण : परिवारों और समाज के संकुचित होने से स्वस्थ सामाजिक विकास अवरुद्ध हो रहा है।<br>(क) कथन तथा कारण दोनों गलत है।<br>(ख) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(ग) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है।<br>(घ) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।<br>(3) निम्नलिखित में से कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाता है/खाते हैं?<br>(i) अवकाश बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह भरता है।<br>(ii) छुट्टियों में भाई-बहनों के समीप आने की संभावना बढ़ती है।<br>(iii) माता-पिता से बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलता है।<br>(iv) नई पीढ़ी के दिशाहीन होने की संभावनाएँ बढ़ती हैं।J<br>(क) केवल (i) (ख) (ii) और (iii) (ग) केवल (iv) (घ) (i), (ii) और (iii)<br>(4) सामुदायिक केंद्रों में सेवा देने वाले बच्चे किस प्रकार लाभान्वित होते हैं?<br>(5) पारिवारिक संबंधों में किस प्रकार के बदलाव हुए हैं? | 1×3<br>2×2 |

<table>
<tr><td>2</td><td>निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:<br>हे ग्राम देवता ! नमस्कार !<br>सोने-चाँदी से नहीं किंतु<br>तुमने मिट्टी से किया प्यार !<br>हे ग्राम देवता ! नमस्कार !<br>जिनमें दधीचि की हड्डी है,<br>जन कोलाहल से दूर कहीं।<br>एकाकी सिमटा-सा निवास,<br>रवि-शशि का उतना नहीं कि<br>जितना प्राणों का होता प्रकाश।<br>श्रम-वैभव के बल पर करते हो।<br>जड़ में चेतन का विकास,<br>दानों-दानों में फूट रहे,<br>सौ-सौ दानों के हरे हास।<br>यह है न पसीने की धारा,<br>यह गंगा की है धवल धार।<br>हे ग्राम देवता ! नमस्कार<br>अधखुले अंग जिनमें केवल है<br>कसे हुए कुछ अस्थि-खंड<br>जिनमें दधीचि की हड्डी है,<br>यह वज्र इंद्र का है प्रचंड<br>जो है गतिशील सभी ऋतु में<br>गर्मी, वर्षा हो या कि ठंड।<br>जग को देते हो पुरस्कार,<br>देकर अपने को कठिन दंड।<br>झोपड़ी झुकाकर तुम अपनी,<br>ऊँचे करते हो राज-द्वार !<br>हे ग्राम देवता ! नमस्कार !<br>1. कथन (A) और कारण (R) पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए-<br>कथन (A)-किसान को किसी तरह का लालच नहीं है।<br>कारण (R)-किसान धन-दौलत से ऊपर उठकर मिट्टी से प्रेम करता है। मिट्टी ही उसका जीवन है।<br>(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>(ख) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।<br>(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>2. अंतिम पद में किसान की किन विशेषताओं का वर्णन है-<br>(क) सहनशीलता-उदारता। (ख) अहिंसक-सत्यवादी<br>(ग) कर्मठ-प्रतिभाशाली। (घ) दानवीर-विश्वसनीय।<br>3. किसान के परिश्रम का परिणाम है-<br>(क) गंगा की धारा का धवल होना। (ख) खेतों में चहल-पहल होन<br>(ग) ऊसर भूमि का हरे-भरे खेतों में बदलना। (घ) पसीने का वर्षा में बदलना।<br>4. किसान को कवि ने देवता क्यों कहा है?<br>5 किसान अपनी झोपड़ी झुकाकर राजदवार को ऊंचा कैसे करते हैं?</td><td>1×3<br>2×2</td></tr>
<tr><td></td><td>खंड ख (व्याकरण)</td><td></td></tr>
<tr><td>3</td><td>1. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br>(i) दो साल तक हालदार साहब अपने काम के सिलसिले में उस कस्बे से गुजरते रहे और नेताजी की मूर्ति में बदलते हुए चश्मों को देखते रहे। (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए)<br>(ii) 'अजमेर से पहले पिताजी इंदौर में थे जहाँ उनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी।'<br>(आश्रित उपवाक्य छांटकर भेद लिखिए)<br>(iii) 'लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल का तरीका जानते हैं।'<br>( इस सरल वाक्य को मिश्रित वाक्य में बदलिए)<br>(iv) जितेन ने जब अपने संगी-साथियों के साथ नाचना शुरू किया तो देखते-ही-देखते वातावरण महक उठा। -( इसे संयुक्त वाक्य में बदलिए ।)<br>(v) एक दिन वहीं सड़क पर घूम रहा था और एक जले हुए पत्थर पर मैंने एक लंबी उजली छाया देखी। (इस वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए।)</td><td>1×4</td></tr>
<tr><td>4</td><td>4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br>(i) पानवाला नया पान खा रहा था। (इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए ।)<br>(ii) 'बीमार व्यक्ति से चला नहीं जाता।' (इस वाक्य में कौन-सा वाच्य है?)<br>(iii) 'छात्रों का एक बड़ा समूह विद्यालय जाकर हड़ताल करवा रहा था।' (वाच्य भेद लिखिए)<br>iv) हम पहाड़ों की पूजा करते हैं। (इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।)</td><td>1×4</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | **(v)** मेरे द्वारा हिरोशिमा पर कविता लिखी गई। (इस वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए।) | |
| **5** | निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का परिचय लिखिए-<br>**(i)** <u>पिता जी</u> हमें बड़े प्यार से 'भोलानाथ' कहकर पुकारा करते।<br>**(ii)** पूजा-पाठ करने <u>के बाद</u> वह राम-राम लिखने लगते।<br>**(iii)** <u>धीरे-धीरे</u> हम ऊँचाई की ओर बढ़ने लगे।<br>**(iv)** <u>हम</u> कटाओं के करीब आ रहे थे।<br>**(v)** पहाड़ी औरतें पत्थरों पर बैठी पत्थर <u>तोड़ रही थीं।</u> | **1×4** |
| **6** | निम्नलिखित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार काव्य पंक्तियों में अलंकार बताइए:-<br>**(i)** तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान, मृतक में भी डाल देगी जान ।<br>**(ii)** चरण-कमल बंदौ हरिराई'।<br>**(iii)** अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं।<br>**(iv)** हाय ! फूल-सी कोमल बच्ची ।<br>**(v)** पाहन ज्यों आए हो गांव में शहर के। | **1×4** |
| | खंड ग (पाठ्य पुस्तक) | |
| **7** | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:-<br>हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।<br>समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।<br>इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।<br>बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए।<br>ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।<br>अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए।<br>ते क्यौं अनीति करें आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।<br>राज धरम तौ यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए।।<br>**1.** गोपियाँ किसके प्रेम में आसक्त हो गई हैं?<br>(क) संगीत के प्रेम में। (ख) कृष्ण के प्रेम में। (ग) उद्धव के प्रेम में। (घ) इनमें से कोई नहीं<br>**2.** श्रीकृष्ण का योग-संदेश लेकर कौन आए थे?<br>(क) सिपाही। (ख) उद्धव। (ग) बलराम। (घ) ग्वाल-बाल<br>**3.** पहले के लोग कैसे होते थे?<br>(क) परोपकारी। (ख) निडर। (ग) नास्तिक। (घ) कृपालु<br>**4.** प्रस्तुत पद में किस भाषा का प्रयोग हुआ है?<br>(क) खड़ी बोली (ख) ब्रजभाषा (ग) अवधी भाषा (घ) इनमें से कोई नहीं<br>**5.** गोपियों के अनुसार सच्चा राजधर्म क्या है?<br>(क) प्रजा को बिलकुल नहीं सताना। (ख) प्रजा के कष्टों का निवारण करना<br>(ग) प्रजा के हित में कार्य करना। (घ) उपर्युक्त सभी | **1×5** |
| **8** | कविता के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए:-<br>क. लक्ष्मण ने अपने कुल की क्या परंपरा बताई?<br>ख. कवि के जीवन के अनुभव ही उसे आत्मकथा लिखने से रोकते हैं। वह अनुभव क्या है? 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर लिखिए।<br>ग. 'फसल' कविता में हाथों के स्पर्श की 'गरिमा' और 'महिमा' कहकर कवि क्या व्यक्त करना चाहता है<br>घ. सफलता के शिखर पर पहुंचने में सहयोगी किस प्रकार मदद करते हैं? 'संगतकार' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | **2×3** |
| **9** | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:-<br>उस समय जैनेंद्र जी की छोटे-छोटे सरल-सहज वाक्यों वाली शैली ने बहुत आकृष्ट किया था। 'सुनीता' (उपन्यास) बहुत अच्छा लगा था, अज्ञेय जी का उपन्यास 'शेखर : एक जीवनी' पढ़ा ज़रूर पर उस समय वह मेरी समझ के सीमित दायरे में समा नहीं पाया था। कुछ सालों बाद 'नदी के द्वीप' पढ़ा तो उसने मन को इस कदर बाँधा कि उसी झोंक में शेखर को फिर से पढ़ गयी... इस | **1×5** |

| | | |
|---|---|---|
| | बार कुछ समझ के साथ। उस पर यह शायद मूल्यों के मंथन का युग था... पाप-पुण्य, नैतिक-अनैतिक, सही-गलत की बनी-बनाई धारणाओं के आगे प्रश्नचिह्न ही नहीं लग रहे थे, उन्हें ध्वस्त भी किया जा रहा था। इसी संदर्भ में जैनेंद्र का 'त्यागपत्र', भगवती बाबू का 'चित्रलेखा' पढ़ा और शीला अग्रवाल के साथ लंबी-लंबी बहसें करते हुए उस उम्र में जितना समझ सकती थी, समझा।<br>**1.** लेखिका को जैनेन्द्र के साहित्य ने विशेष रूप से आकर्षित किया, ऐसा क्यों?<br>(क) अच्छी कहानियों के कारण।<br>(ख) ग्रामीण समस्याओं के वर्णन की प्रमुखता के कारण<br>(ग) अत्यंत सरल भाषा के कारण।<br>(घ) छोटे, सरल, सहज वाक्य युक्त शैली के कारण।<br>**2.** लेखिका ने निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास नहीं पढ़ा था?<br>(क) सुनीता। (ख) निर्मला। (ग) शेखर-एक जीवनी। (घ) नदी के द्वीप ।<br>**3.** 'चित्रलेखा' नामक कृति किस साहित्यकार से संबंधित है?<br>(क) जैनेन्द्र। (ख) भगवतीचरण वर्मा। (ग) प्रेमचंद। (घ) यशपाल ।<br>**4.** 'जैनेन्द्र' और 'अज्ञेय' को पढ़कर लेखिका ने क्या अनुभव किया? **1**<br>(क) पाप-पुण्य, नैतिक-अनैतिक को एक समान समझा जा रहा है<br>(ख) सामाजिक मूल्यों की पुनस्थापना की जा रही है<br>(ग) पाप-पुण्य, सत्य-असत्य की बनी धारणाओं को नष्ट किया जा रहा है<br>(घ) पाप-पुण्य, नैतिक-अनैतिक के बीच सदैव अंतर बना रहेगा।<br>**5.** 'मन को बाँधना' का क्या अर्थ है? गद्यांश के आधार पर उत्तर लिखिए।<br>(क) मन पर नियंत्रण पाना। (ख) मन को एकाग्रचित्त करना<br>(ग) मन को बहुत अच्छा लगना। (घ) मन को रुचिकर न लगना । | |
| **10** | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर **25 30** शब्दों लिखिए-<br>क. कैप्टन हालदर साहब के लिए सहानुभूति का पात्र क्यों था? 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br>ख. बालगोबिन भगत की पतोहू उन्हें अकेले छोड़कर क्यों नहीं जाना चाहती थी?<br>ग लेखक के मौन रहने और बाद में बातें करने पर नवाब साहब की क्या प्रतिक्रिया थी?<br>घ बिस्मिल्ला खां के चरित्र की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। जिसे आप बहुत अधिक प्रभावित हुए। | **2×3** |
| **11** | पूरक पाठ्य पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर **50- 60** शब्दों में लिखिए-<br>क. एक संवेदनशील युवा नागरिक की हैसियत से विज्ञान का दुरुपयोग रोकने में आपकी क्या भूमिका होनी चाहिए?<br>ख. प्रकृति जल संचय की अद्भुत व्यवस्था करती है। 'साना- साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। पानी बचाने के लिए आप अपना योगदान किस प्रकार दे सकते हैं?<br>ग. बाबूजी पूजा पाठ के बाद भोलानाथ को गंगा तक लेकर जाते तथा कई कामों में अपने साथ रखते। 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर बताइए कि इससे भोलानाथ के किन-किन गुणों का विकास होगा? | **4×2** |
| | खंड घ (रचनात्मक कार्य) | |
| **12** | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर **120** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-<br>(क) संघर्ष ही जीवन है<br>संकेत बिंदु:-•संघर्ष का महत्व •संघर्ष लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक संपूर्ण मंत्र। •इतिहास से उदाहरण • संघर्ष का आह्वान<br>(ख) नई और पुरानी पीढ़ी की सोच में अंतर<br>संकेत बिंदु-• नई पीढ़ी एवं पुरानी पीढ़ी के जीवन मूल्यों में अंतर • दोनों पीढ़ियों के बीच वैचारिक द्वंद्व • इसके प्रभाव<br>(ग) विज्ञापन की दुनिया | **6** |

| | | |
|---|---|---|
| | संकेत बिंदु- • विज्ञापन का अर्थ •विज्ञापनों के प्रकार •समाज पर इसका प्रभाव •विज्ञापन की जाँच-परख आवश्यक • हानि एवं लाभ | |
| **13** | (क) जिलाधिकारी, अ०ब०स० नगर को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखकर नगर में एक सार्वजनिक पुस्तकालय खुलवाने का अनुरोध कीजिए।<br>अथवा<br>(ख) बोर्ड परीक्षाओं के केवल दो महीने ही शेष बचे हैं, फिर भी आपका छोटा भाई पढ़ाई में ध्यान देने के बजाय मोबाइल पर बहुत अधिक समय बिता रहा है। परीक्षाओं के महत्व से अवगत करवाते हए उसे लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए। | **5** |
| **14** | (क) आप शिवानी/शिवा गुप्ता हैं। आप बी.लिब. का कोर्स कर चुके हैं। सार्वजनिक पुस्तकालय में पुस्तकालय सहायक पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>(ख) आपके शहर में सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों में मिलावट का धंधा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अपने राज्य के खाद्य-मंत्री को **dfpd@gov.in** पर एक ईमेल लिखकर इस समस्या के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।। | **5** |
| **15** | (क) आपने नगर में 'फ़िटनेस' जिम खोला है। उसके प्रचार-प्रसार के लिए लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>(ख) आपके छोटे भाई की बोर्ड परीक्षा आरंभ होने वाली है। उसे शुभकामना देते हुए **40** शब्दों में संदेश लिखिए | **4** |

ओ. एस.डी.ए.वी स्कूल, कैथल
जनवरी परीक्षा (2025)
कक्षा : दसवीं
विषय : हिंदी

**SET :B**

समय: 3 घंटे **M.M. : 80**

- सामान्य निर्देश:-
- सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| Q.N. | खंड क अपठित बोध | Mark |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br>जिस प्रकार समुद्र में लहरों के ऊपर हिलोरें लेता हुआ जहाज का प्रकाश स्तंभ सही मार्ग-दर्शन कर उसे उसके लक्ष्य तक पहुँचाता है। इसी प्रकार यदि विद्यार्थी का उचित मार्गदर्शन न किया जाए तो वह भटकता ही रहेगा। यह उचित मार्ग-दर्शन अध्यापक के सिवा कौन कर सकता है। संसार में सभी वंदनीय लोगों के बीच पिता सर्वाधिक वंदनीय है और उससे भी श्रेष्ठ है, विद्या प्रदान करने वाला आदर्श अध्यापक। आदर्श अध्यापक विषय का पूर्ण ज्ञाता, विचारों में गंभीर और 'सादा जीवन उच्च विचार' के आदर्श का पालन करने वाला होता है। उसमें ज्ञान की बड़ी ही तीव्र अगस्त्य-पिपासा होती है। वह सच्चे अर्थों में विद्याव्यसनी होता है। रुफिनी ने कहा है-अध्यापक उस मोमबत्ती के सदृश है, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। जिस प्रकार कुम्हार बाहर से घड़े को ठोकता-पीटता है तथा भीतर से हाथ का सहारा देकर खोट निकालकर लोकोपयोगी घट का निर्माण करता है, उसी प्रकार आदर्श अध्यापक भीतर से अपनी सहानुभूति का सहारा देता हुआ, ऊपर से आवश्यकता पड़ने पर वर्जना करता हुआ अपने शिष्य का शुभ निर्माण करता है। वह कभी संकुचित दृष्टिकोण का शिकार नहीं होता। आदर्श अध्यापक में माता-का सा धैर्य होता है, वह दुर्बल, कमजोर बच्चे पर अधिक ध्यान देता है। कदम-कदम पर उचित मार्गदर्शन करता है, उसे अधिक समय देता है।प्राचीन समय में अध्यापकों का बड़ा आदर था। समय के साथ-साथ अध्यापक के रूप, स्थिति और सम्मान में भी परिवर्तन आया है। आज न वे आदर्श अध्यापक रहे, न ही आदर्श विद्यार्थी। पहले उनका संबंध ईश्वर-भक्त के संबंध जैसा था। अब वह संबंध न रहा। आज अध्यापक धन के अभाव से पीड़ित हैं, अतः वे धनलोलुप हो गए हैं। धन अर्जित करना ही उनका उद्देश्य रह गया है। कक्षा में ढंग से न पढ़ाना, विद्यार्थी को ट्यूशन पढ़ाना, पैसे लेकर परीक्षा-पत्र बता देना यही उनका लक्ष्य रह गया है। विद्यार्थी भी उनका उचित सम्मान नहीं करते। वे इसे भी व्यापार समझते हैं, अधिक धन देकर वे ज्ञान खरीदते हैं। आदर्श अध्यापक ही विद्यार्थी के जीवन का मार्ग-दर्शक होता है और विद्यार्थी इस देश का भविष्य। यदि आदर्श अध्यापक ही विद्यार्थी को सही रास्ता नहीं दिखाएँगे तो आने वाले वर्षों में देश गहरे गर्त में होगा। विद्यार्थी को साधन बनकर स्वयं गुरु ही इस देश का संचालन करता है, इसलिए हर अध्यापक को चाहिए कि वह विद्यार्थी को ज्ञान के आलोक से आलोकित करे।<br>**(1)** विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन कौन कर सकता है?<br>(क) माता-पिता। (ख) अध्यापक। (ग) मित्र। (घ) परामर्शदाता<br>**(ii)** एक आदर्श अध्यापक एक अच्छा मार्गदर्शक होता है। कथन के लिए उचित विकल्प चुनिए-<br>**1.** वह अपने छात्रों का कदम-कदम पर उचित मार्गदर्शन करता है।<br>**2.** वह अपने छात्रों का सही मार्गदर्शन कर उसे उसके लक्ष्य तक पहुँचाता है।<br>**3.** वह विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराता है।<br>**4.** वह अपने छात्रों के साथ मित्रवत व्यवहार करता है।<br>विकल्प<br>(क) कथन **1** सही है। (ख) केवल कथन **2** सही है।<br>(ग) कथन **3** और **4** सही हैं। (घ) कथन **2, 3** और **4** सही हैं।<br>**(iii)** कथन **(A)** और कारण **(R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-<br>कथन **(A)** : आदर्श अध्यापक कुम्हार की भाँति होता है।<br>कारण **(R)** : वह छात्रों को कठोर शारीरिक दंड देकर अनुशासित करता है।<br>(क) कथन **(A)** गलत है, किंतु कारण **(R)** सही है। | **1×3**<br>**2×2** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों ही गलत हैं।<br>(ग) कथन **(A)** सही है और कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन **(A)** सही है, किंतु कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।<br>**(iv)** आदर्श अध्यापक में कौन-कौन से गुण होते हैं?<br>**(v)** एक आदर्श अध्यापक एक अच्छे विद्यार्थी का निर्माण किस तरह करता है? | |
| **2** | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:<br>उठो-उठो कर्तव्य न छोड़ो<br>ऐ भारत माँ की संतान<br>आज मुल्क की शान पुकारे ।<br>करो कर्म का तुम सम्मान !<br>करो कर्म वैसा जिससे हो<br>भारत-भूतल का उत्थान<br>बनो कुशल, कुशाग्र बुद्धि तुम<br>जिसमें होवे तेरा मान<br>आज ज़रूरत है भारत को<br>कर्मठ वीर जवानों की<br>आज ज़रूरत है धरती को<br>कर्मठ वीर किसानों की<br>हरियाली को गीत-दान दो<br>भू पर सावन-स्वर लहरा दो<br>निज वसंत का स्वर लहराए<br>निज वसंत का स्वर लहराए<br>त्याग अब निंद्रा, जाओ तुम<br>खेतों और खलिहानों में<br>नई चेतना फिर से ला दो<br>मुरझाए उद्यानों में<br>तेरे सत्कार्यों के प्रतिफल<br>धारा झूम फिर नाचेगी<br>भारत की प्रगति शिखा पर<br>स्वयं प्रज्वलित हो जाएगी।<br>ऐसा ही सत्कार्य करो तुम<br>ऐ भारत मां की संतान<br>आज मुल्क की शान पुकारे<br>करो कर्म का तुम सम्मान!!<br>**(i)** उपर्युक्त कविता में किसका सम्मान करने की बात कही गई है?<br>(क) धर्म का। (ख) कर्म का। (ग) देश का। (घ) माँ का<br>**(ii)** आज देश को कैसे लोगों की जरूरत है? उचित विकल्प का चयन कीजिए-<br>**1.** कुशल लोगों की। **2.** कुशाग्र लोगों की। **3.** बुद्धिमान लोगों की। **4.** कर्मठ लोगों की<br>विकल्प<br>(क) कथन **1** और **2** सही हैं। (ख) कथन **1, 2** और **4** सही हैं।<br>(ग) केवल कथन **4** सही है। (घ) कथन **1, 3** और **4** सही हैं।<br>**(iii)** कथन **(A)** और कारण **(R)** पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिएः<br>कथन **(A)** : देशवासियों के सत्कार्यों से ही देश उन्नति करता है।<br>कारण **(R)** : सभी देशवासी भारत माँ की संतान है।<br>(क) कथन **(A)** गलत है, किंतु कारण **(R)** सही है।<br>(ख) कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों ही गलत हैं।<br>(ग) कथन **(A)** सही है और कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन **(A)** सही है, किंतु कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।<br>**(iv)** देश को किन लोगों की जरूरत है?<br>**(v)** उपर्युक्त कविता की माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है? | **1×3**<br>**2×2** |
| | खंड ख (व्याकरण) | |
| **3** | निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-<br>**(i)** मैं तो चौपड़ पर तुम्हारा भाषण सुनते ही सीधा भंडारी जी को बधाई देने चला आया।<br>( रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए।)<br>**(ii)** वही पुराना बालाजी का मंदिर जहाँ बिस्मिल्ला खाँ को नौबतखाने रियाज़ के लिए जाना पड़ता है।- (आश्रित उपवाक्य छांटकर भेद लिखिए।)<br>**(iii)** खाँ साहब की एक रीड **15** से **20** मिनट के अंदर गीली हो जाने पर दूसरी रीड का इस्तेमाल कर लिया करते थे । -( इस वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए।)<br>**(iv)** वह सच्चा देशभक्त है क्योंकि वह देश के लिए मर मिटने वाला है।<br>(रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए।)<br>**(v)** मानव संस्कृति एक अविभाज्य वस्तु है और वह स्थायी है।<br>(इस वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए।) | **1×4** |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | **4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br>**(i)** बालगोबिन भगत जी ने पुत्र की मृत्यु पर पुत्रवधू को रोने के स्थान पर उत्सव मनाने के लिए कहा।- (इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।)<br>**(ii)** कवि द्वारा श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन किया गया है?( इस वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए।)<br>**(iii)** नवाव साहब ने खीरे की सब फाँकों को खिड़की के बाहर फेंककर तौलिए से हाथ और होंठ पोंछ लिए। (इस वाक्य में कौन-सा वाच्य है?)<br>**(iv)** वह अपनी छोटी-सी दुकान में उपलब्ध गिने-चुने फ्रेमों में से नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है। - (इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।)<br>**(v)** चलो, अब सोया जाए। (वाक्य में कौन-सा वाच्य है?) | **1×4** |
| 5 | निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का परिचय लिखिए-<br>(१) कबीर के वे सीधे-सादे पद, जो उनके कंठ से निकलकर सजीव हो उठते ।<br>**(ii)** वाह भई! यह आइडिया भी ठीक है।<br>**(iii)** अवधी पारंपरिक लोकगीतों एवं चैती में शहनाई का उल्लेख मिलता है।<br>**(iv)** पेट भरा और तना ढँका होने पर भी ऐसा मानव जो वास्तव में संस्कृत है।<br>**(v)** हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए। | **1×4** |
| 6 | निम्नलिखित पांच प्रश्नों में से किन्ही चार काव्य पंक्तियों में अलंकार बताइए:-<br>**(i)** पड़ी थी बिजली-सी विकराल,लपेटे थे घन जैसे बाल।<br>**(ii)** मैया मैं तो चंद्र-खिलौना लैहों।<br>**(iii)** बूढ़ा बरगद फिर मुस्काया,अकुलाती लता को फिर समझाया।<br>**(iv)** धाए धाम काम सब त्यागी,मनहुँ रंक निधि लूटन लागी।<br>**(v)** देखि सुदामा की दीन दशा, करुना करिके करुना निधि रोए। | **1×4** |
| | खंड ग (पाठ्य पुस्तक) | |
| 7 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:-<br>ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।<br>अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।<br>पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।<br>ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।<br>प्रीति-नदी में पाऊँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।<br>'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी ॥<br>**(i)** उपर्युक्त पद में वक्ता और श्रोता क्रमशः हैं-<br>(क) उद्धव - गोपियाँ. (ख) गोपियाँ - उद्धव (ग) सूरदास - उद्धव। (घ) गोपियाँ - सूरदास<br>**(ii)** 'पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी' पंक्ति में किस स्थिति की ओर संकेत है? सही विकल्प का चयन कीजिए-<br>**i.** उद्धव के दुर्भाग्यशाली होने की ओर। **ii.** उद्धव के सौभाग्यशाली होने की ओर।<br>**iii.** कृष्ण के प्रेम से प्रभावित होने की ओर। **iv.** कृष्ण के प्रेम से अप्रभावित होने की ओर ।<br>विकल्प-<br>(क) कथन **(i)** सही है। (ख) कथन **(I)** और **(II)** सही हैं।<br>(ग) केवल **(II)** और **(III)** सही हैं। (घ) कथन **(I)** और **(IV)** सही हैं।<br>**(iii)** कथन **(A)** और कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए-<br>कथन **(A):** गोपियों ने व्यंग्य कसते हुए उद्धव को भाग्यशाली कहा है।<br>कारण **(R):** कृष्ण के सानिध्य में रहते हुए भी उद्धव के मन में कृष्ण के प्रति अनुराग उत्पन्न नहीं हुआ।<br>(क) कथन **(A)** गलत है, किंतु कारण **(R)** सही है।<br>(ख) कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों ही गलत हैं।<br>(ग) कथन **(A)** सही है और कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन **(A)** सही है किंतु कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या नहीं है। | **1×5** |

| | | |
|---|---|---|
| | **(iv)** 'गुर चाँटी ज्यौं पागी' पंक्ति में कौन किसका प्रतीक है?<br>(क) गुर (गुड़) उद्धव का, चाँटी (चींटी) सूरदास का।<br>(ख) गुर (गुड़) उद्धव का, चाँटी (चींटी) श्रीकृष्ण का।<br>(ग) गुर (गुड़) श्रीकृष्ण का, चाँटी (चींटी) उद्धव का।<br>(घ) गुर (गुड़) श्रीकृष्ण का, चाँटी (चींटी) गोपियों का।<br>**(v)** उद्धव के व्यवहार की तुलना गोपियों ने किससे की है? सही विकल्प का चयन कीजिए-<br>**i.** जल में पड़े रहने वाले कमल के पत्ते से। **II.** जल में पड़ी रहने वाली तेल की गागर से।<br>**III.** गुड़ से चिपकी रहने वाली चींटी से। **IV.** कृष्ण की प्रीति-नदी में पाँव डुबाने से।<br>विकल्प-<br>(क) कथन **(1)** सही है। (ख) कथन **(I)** और **(II)** सही हैं।<br>(ग) केवल **(II)** और **(III)** सही हैं। (घ) कथन **(I)** और **(IV)** सही हैं। | |
| **8** | कविता के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए:-<br>क. कवि के जीवन के अनुभव ही उसे आत्मकथा लिखने से रोकते हैं। वह अनुभव क्या है? 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर लिखिए।<br>ख. परशुराम की स्वभावगत विशेषताएं क्या है? कविता के आधार पर लिखिए।<br>ग. 'फसल' कविता में हाथों के स्पर्श की 'गरिमा' व 'महिमा' कहकर कवि क्या कहना चाहता है?<br>घ. सफलता के शिखर पर पहुंचने में सहयोगी किस प्रकार मदद करते हैं? 'संगतकार' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | **2×3** |
| **9** | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:-<br>जन्मी तो मध्य प्रदेश के भानपुरा गाँव में थी, लेकिन मेरी यादों का सिलसिला शुरू होता है अजमेर के ब्रह्मपुरी मोहल्ले के उस दो-मंजिला मकान से, जिसकी ऊपरी मंजिल में पिताजी का साम्राज्य था, जहाँ वे निहायत अव्यवस्थित ढंग से फैली-बिखरी पुस्तकों, पत्रिकाओं और अखबारों के बीच या तो कुछ पढ़ते रहते थे या फिर 'डिक्टेशन' देते रहते थे। नीचे हम सब भाई-बहिनों के साथ रहती थीं। हमारी बेपढ़ी-लिखी व्यक्तित्वहीन माँ सवेरे से शाम तक हम सबकी इच्छाओं और पिता जी की आज्ञाओं का पालन करने के लिए सदैव तत्पर। अजमेर से पहले पिता जी इंदौर में थे, जहाँ उनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी, सम्मान था, नाम था।<br>**(i)** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार लेखिका के पिता जी-<br>(क) एक अध्यापक थे। (ख) एक पत्रकार थे।<br>(ग) एक लेखक थे। (घ) एक अध्ययनशील व्यक्ति थे।<br>**(ii)** कवन **(A)** और कारण **(R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-<br>कथन **(A)**: लेखिका की माँ अपने परिवार के प्रति पूर्णतः समर्पित थीं।<br>कारण **(R)**: वह बेपढ़ी-लिखी महिला थी।<br>(क) कथन **(A)** गलत है, किंतु कारण **(R)** सही है।<br>(ख) कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों ही गलल हैं।<br>(ग) कथन **(A)** सही है और कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन **(A)** सही है, किंतु कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।<br>**(iii)** इंदौर में लेखिका के पिताजी की सामाजिक स्थिति थी-उचित विकल्प का चयन कीजिए।<br>**1.** एक विशिष्ट व्यक्ति की। **2.** सामान्य व्यक्ति की<br>**3.** एक जिम्मेदार व्यक्ति की। **4.** एक प्रतिष्ठित व सम्मानित व्यक्ति की<br>विकल्प<br>(क) कथन **1** और **2** सही हैं। (ख) कथन **1, 3** और **4** सही हैं।<br>(ग) केवल कथन **4** सही हैं। (घ) कथन **1, 2** और **3** सही हैं।<br>**(iv)** माँ का कमरा कहाँ था?<br>(क) ऊपरी मंज़िल पर। (ख) दूसरी मंज़िल पर<br>(ग) निचली मंज़िल पर। (घ) पहली मंज़िल पर<br>**(v)** उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर लेखिका के समय का समाज कैसा था?<br>उचित विकल्प का चयन कीजिए-<br>**1.** नारी प्रधान। **3.** जाति प्रधान। **2.** पुरुष प्रधान। **4.** धर्म प्रधान<br>(क) कथन **1** और **2** सही हैं। (ख) कथन **1, 2** और **3** सही हैं। | **1×5** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) केवल कथन 2 सही हैं। (घ) कथन 1, 2 और 4 सही हैं। | |
| 10 | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25- 30 शब्दों लिखिए-<br>(क) कैप्टन ने मूर्ति पर चश्मा लगाकर अपने देश-प्रेम का परिचय दिया। आप सब भी कैसे अपने दैनिक कार्यों से किसी-न-किसी रूप में अपने देश-प्रेम को प्रकट कर सकते हैं?<br>(ख) लेखक ने सर्वस्व त्याग कराने वाली संस्कृति को स्पष्ट करने के लिए किन-किन महामानवों के उदाहरण दिए है?<br>(ग) मोह और प्रेम में अंतर होता है। भगत के जीवन की किस घटना के आधार पर इस कथन को सच सिद्ध करेंगे?<br>(घ) नवाब साहब द्वारा खीरा खाने के तरीके से क्या उदरपूर्ति संभव है? यदि नहीं, तो इस तरीके को अपनाने में व्यक्ति को किस प्रवृत्ति का आभास होता हैं? | 2×3 |
| 11 | निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर 50- 60 शब्दों में लिखिए-<br>(क) 'कटाओ' हिंदुस्तान का स्विट्जरलैंड है। 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर 'कटाओ' के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए।<br>(ख) 'माता का अँचल' पाठ में चित्रित ग्राम्य संस्कृति आज की ग्रामीण संस्कृति से किस प्रकार भिन्न है?<br>(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि आपके विचार से विज्ञान का दुरुपयोग कैसे हो रहा है और उससे कैसे बचा जा सकता है? | 4×2 |
| | खंड घ (रचनात्मक कार्य) | |
| 12 | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-<br>एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-<br>(क) पुस्तकों का महत्व<br>संकेत बिंदु- • भूमिका • पुस्तकों का जीवन पर प्रभाव •मानवीय दृष्टिकोण को प्रभावित करती हैं •सबसे अच्छी मित्र<br>(ख) विनम्रता का मूल्य<br>संकेत बिंदु – •अर्थ •मानव जीवन में उपयोगिता • प्रभाव<br>(ग) समय का सदुपयोग<br>संकेत-बिंदु- •भूमिका •मानव जीवन के निर्माण में समय की भूमिका •समय के सदुपयोग का महत्व • प्रभाव | 6 |
| 13 | (क) आप दिव्यांशी/दिव्यांश हैं। बसों की कमी के कारण गाँव के लोगों को हो रही असुविधा पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>(ख) आप विभा/वैभव हैं। अपने छोटे भाई को एक अच्छी कंपनी में मैनेजर की नौकरी मिलने पर लगभग 100 शब्दों में बधाई-पत्र लिखिए । | 5 |
| 14 | (क) आप मनीष/मनीषा हैं। आपने बी०एस-सी० की परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त की है। अपनी शैक्षणिक योग्यताओं और रुचि का वर्णन करते हुए जल आपूर्ति विभाग में कार्यालय सहायक के रिक्त पद के लिए संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>(ख) आप मोहन/मोहिनी हैं। आपकी सोसाइटी के पार्क में बहुत अधिक गंदगी रहती है। इस समस्या की ओर संबंधित अधिकारियों का ध्यान दिलाने के लिए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 80 शब्दों ईमेल लिखिए। | 5 |
| 15 | (क) प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से निर्मित सौंदर्य बढ़ाने और त्वचा को निखारने वाली किसी क्रीम के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>(ख) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपनी बड़ी बहन को शुभकामनाएँ देते हुए 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए। | 4 |

**ओ एस डी ए वी पब्लिक स्कूल, कैथल**

**जनवरी परीक्षा (पूर्व बोर्ड परीक्षा)**

**विषय: हिंदी Set B**

**कक्षा : दसवीं**

| Q.No. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | निर्धारित अंक(80) |
|---|---|---|
| 1 | (1)(ख) अध्यापक<br>(2)(ख) केवल कथन 2 सही है<br>(3)(घ) कथन सही है परंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>(4) आदर्श अध्यापक विषय का पूर्ण ज्ञाता होता है तथा विचारों से सादा जीवन उच्च विचार के आदर्श का पालन करने वाला होता है<br>(5) आदर्श अध्यापक में माता-पिता का सा धैर्य होता है। वह दुर्बल कमजोर बच्चों पर अधिक ध्यान देता है। कदम कदम पर उनका उचित मार्गदर्शन करता है और छात्रों को अपने लक्ष्य तक पहुंच जाता है। | 1×3=3<br>2×2=4 |
| 2 | (1)(ख) कर्म का<br>(2)(ग) कर्मठ लोगों का<br>(3) (ग) कथन और कारण सही है। कारण कथन की सही व्याख्या।<br>(4) कर्मठ वीर जवानों और किसने की।<br>(5) कर्म करने का | 1×3=3<br>2×2=4 |
| 3 | (1) सरल वाक्य<br>(2) जहां बिस्मिल्ला खां को नौबतखाने में रियाज़ के लिए जाना पड़ता है। क्रिया विशेषण उपवाक्य<br>(3) जब खां साहब की एक रीड 15 से 20 मिनट के अंदर गीली हो जाती है तब वह दूसरी रीड का इस्तेमाल कर लिया करते थे।<br>(4) मिश्र वाक्य<br>(5) मानव संस्कृति एक अविभाज्य और स्थायी वस्तु है। | 1×4=4 |
| 4 | (1) बालगोबिन भगत जी द्वारा पुत्र की मृत्यु पर पुत्रवधू को रोने के स्थान पर उत्सव मनाने के लिए कहा गया।<br>(2) कवि ने श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन किया है।<br>(3) कर्तृवाच्य।<br>(4) उसके द्वारा अपनी छोटी सी दुकान में उपलब्ध गिने चुने फिल्मों में से नेताजी की मूर्ति पर फिट कर दिया जाता है।<br>(5) भाववाच्य | 1×4=4 |
| 5 | (1) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग , संबंध कारक।<br>(2) विस्मय वाचक अव्यय, हर्ष सूचक | 1×4=4 |

| | | |
|---|---|---|
| | (3) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग,विशेष्य– लोकगीतों<br>(4) समुच्चयबोधक सामानाधिकरण अव्यय<br>(5) अकर्मक क्रिया, भूतकाल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य | |
| 6 | (1) उपमा<br>(2) रूपक<br>(3) मानवीकरण<br>4. उत्प्रेक्षा<br>5. अनुप्रास , अतिशयोक्ति | 1×4=4 |
| 7 | (1)(ख) गोपिया- उद्धव<br>(2)(घ) कथन 1 और 4 सही है<br>(3)(ग) कथन सही है और कारण सही की व्याख्या है<br>(4) (घ) गुड़ श्री कृष्ण का चींटी गोपियों का।<br>(5) (ख) कथन 1 और 2 सही है | 1×5=5 |
| 8 | क.आत्मकथा लिखने के लिए अपने मन की दुर्बलताओं, कमियों का उल्लेख करना पड़ता है। 2. अपनी सरलता के कारण उसने कई बार धोखा भी खाया है। वह अपने व्यक्तिगत जीवन को उपहास का कारण नहीं बनाना चाहता।<br>ख.परशुराम वीर योद्धा, क्रोधी, बाल-ब्रह्मचारी, अहंकारी तथा क्षत्रिय कुल के विरोधी हैं तथा उनकी वाणी अत्यंत कठोर है।<br>ग. लाखों किसानों व उसके परिवार की मेहनत की ओर।<br>घ.जब मुख्य गायक का गायन तारसप्तक की ऊँचाई पर पहुँचता है तब उसके स्वर बिखरने लगते हैं, शक्ति समाप्त होने लगती है\| ऐसे समय में संगतकार उसके पीछे मुख्य धुन को दोहरा कर इस बिखराव को संभालता है और उसकी शक्ति और उत्साह को वापस लाने में योगदान देता है\| | 2×3=6 |
| 9 | (1)(ग) एक लेखक<br>(2)(घ) कथन सही है किंतु करण कथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>(3)(ग) केवल कथन 4 सही है<br>(4)(ग निचली मंजिल पर<br>(5)ग) केवल कथन 2 सही है | 1×5=5 |
| 10 | (क) देश प्रेम को कई तरह से दिखाया जा सकता है. जैसे, अपने देश की संस्कृति और विरासत को अपनाना, देश के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाना, देश के विकास में योगदान देना, देश की सार्वजनिक संपत्ति का ध्यान रखना, पर्यावरण की रक्षा करना, और देश के प्रति निस्वार्थ भाव से कर्तव्य निभाना.<br>(ख) लेनिन, कार्ल मार्क्स, गौतम बुद्ध आग और सुई धागे का आविष्कार करने वाले। | 2×3=6 |

| | | |
|---|---|---|
| | **(ग) भगत को अपने पुत्र तथा अपनी पुत्रवधू से अगाध प्रेम था। परन्तु उसके इस प्रेम ने प्रेम की सीमा को पार कर कभी मोह का रुप धारण नहीं किया। जब भगत के पुत्र की मृत्यु हो जाती है तो पुत्र मोह में पड़ कर वो रोते बिलखते नहीं हैं बल्कि पुत्र की आत्मा के परमात्मा से मिलने से खुश होते हैं।**<br>**(घ) इस तरह से उदर पूर्ति संभव नहीं है इससे हमें नवाब को दिखावे की प्रवृत्ति का बोध होता है।** | |
| 11 | **1.** कटाओ को भारत का स्विट्ज़रलैंड इसलिए कहा जाता है क्योंकि यहां बर्फ़ से ढकी चोटियां हैं. कटाओ, सिक्किम का एक खूबसूरत और अनजान स्थान है.<br>कटाओ को भारत का स्विट्ज़रलैंड कहने की वजह:<br>.कटाओ में बर्फ़ से ढकी चोटियां हैं.<br>.कटाओ, सिक्किम का एक खूबसूरत और अनजान स्थान है.<br>.कटाओ की खूबसूरती को देखकर कुछ लोगों ने कहा है कि यह स्विट्ज़रलैंड से भी ज़्यादा खूबसूरत है.<br>**2.**तीस के दशक अर्थात् **1930** के आस-पास ग्रामीण संस्कृति में बनावटी (दिखावा) जीवन का अभाव था। लोग बहुत ही सीधा-सादा जीवन व्यतीत करते थे। उस समय ग्रामीण लोगों पर विज्ञान का अधिक प्रभाव नहीं था।<br>**3.** प्रदूषण फैलाने तथा बढ़ाने वाले उत्तरदायी कारकों प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा आदि के बारे में लोगों को जागरूक बनाने के साथ-साथ लोगों से अनुरोध करूंगा कि पर्यावरण के लिए हानिकारक वस्तुओं का उपयोग न करें । **2.** विज्ञान के बनाए हथियारों का प्रयोग यथासंभव मानवता की भलाई के लिए ही करें, मनुष्यों के विनाश के लिए नहीं। | 4×2=8 |
| 12 | **अनुच्छेद लेखन,**<br>**भूमिका, विषयवस्तु, भाषा शुद्धता** | 6 |
| 13 | **पत्र लेखन**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 5 |
| 14 | **ईमेल लेखन/स्ववृत्त**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 5 |
| 15 | **संदेश/विज्ञापन**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 4 |
| | | |

**ओ एस डी ए वी पब्लिक स्कूल, कैथल**
**जनवरी परीक्षा (पूर्व बोर्ड परीक्षा)**
**विषय: हिंदी Set A**
**कक्षा : दसवीं**

| Q.No. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | निर्धारित अंक(80) |
|---|---|---|
| 1 | (1)(ख) ग्रीष्म अवकाश का सदुपयोग करना<br>(2)(ख) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है।<br>(3)(घ) i,ii,iii<br>(4) बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। ऐसे बच्चे न खेल समाज से जुड़ते हैं बल्कि खुश भी रहते हैं जिससे बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है।<br>(5) आज पारिवारिक संबंधों में बहुत बदलाव आए हैं ।आज की जिंदगी बहुत व्यस्त है। बच्चे सिर्फ माता-पिता को जानते हैं। वे अपने सगे संबंधियों को भूलते जा रहे हैं। वे अकेले रहना पसंद करते हैं। | 1×3=3<br>2×2=4 |
| 2 | (1)(घ) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है।<br>(2)(क,ग) सहनशीलता, उदारता और कर्मठ प्रतिभाशाली।<br>(3) (ग) ऊसर भूमि का हरे भरे खेतों में बदलना<br>(4) किसान सबका पेट भरता है। वह मिट्टी से बहुत प्यार करता है। वह परोपकारी होता है।<br>(5) किसान हमेशा कठोर परिश्रम दूसरों के लिए करता है। वह गर्मी- सर्दी वर्षा ऋतु में बहुत कड़ी मेहनत करता है और अपने खेतों में फसल पैदा करता है। | 1×3=3<br>2×2=4 |
| 3 | (1) संयुक्त वाक्य<br>(2) जहां उनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। क्रिया विशेषण उपवाक्य<br>(3) जो लखनऊ स्टेशन पर खीरे बेचते हैं वे खीरे के इस्तेमाल का तरीका जानते हैं।<br>(4) जितेन ने अपने साथियों के साथ नाचना शुरू किया और देखते ही देखते वातावरण महक उठा।<br>(5) मैंने एक दिन वहीं सड़क पर घूमते हुए एक जले हुए पत्थर पर एक लंबी उजली छाया देखी। | 1×4=4 |
| 4 | (1) पानवाले द्वारा नया पान खाया जा रहा था ।<br>(2) भाववाच्य<br>(3) कर्तृवाच्य ।<br>(4) हमारे द्वारा पहाड़ों की पूजा की जाती है।<br>(5) मैंने हिरोशिमा पर कविता लिखी। | 1×4=4 |
| 5 | (1) जातिवाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग ,कर्ता कारक।<br>(2) संबंधबोधक अव्यय,<br>(3) रीतिवाचक क्रिया विशेषण, बढ़ने लगे- क्रिया की विशेषता<br>(4) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग /स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्ता कारक | 1×4=4 |

| | | |
|---|---|---|
| | (5) सकर्मक क्रिया, भूतकाल, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्तृवाच्य | |
| 6 | (1) अतिशयोक्ति<br>(2) रूपक<br>(3) मानवीकरण<br>4. उपमा<br>5. उत्प्रेक्षा | 1×4=4 |
| 7 | (1)(ख) कृष्ण के प्रेममें<br>(2)(ख) उद्धव<br>(3)(क) परोपकारी<br>(4) (ख) ब्रजभाषा<br>(5) (घ) उपर्युक्त सभी। | 1×5=5 |
| 8 | क.लक्ष्मण ने अपने कुल (रघुकुल) की उस परपंरा का उल्लेख किया है जिसके अनुसार देवता, ब्राह्मण, भगवान के भक्त और गाय-इन चारों पर वीरता नहीं दिखाई जाती, क्योंकि उनका वध करना या उनसे हारना दोनों ही ठीक नहीं माने जाते। इनका वध करने से पाप का भागीदार बनना पड़ता है तथा इनसे हारने पर अपयश फैलता है।<br>ख.आत्मकथा लिखने के लिए अपने मन की दुर्बलताओं, कमियों का उल्लेख करना पड़ता है। 2. अपनी सरलता के कारण उसने कई बार धोखा भी खाया है। वह अपने व्यक्तिगत जीवन को उपहास का कारण नहीं बनाना चाहता।<br>ग. लाखों किसानों व उसके परिवार की मेहनत की ओर।<br>घ.जब मुख्य गायक का गायन तारसप्तक की ऊँचाई पर पहुँचता है तब उसके स्वर बिखरने लगते हैं, शक्ति समाप्त होने लगती है\| ऐसे समय में संगतकार उसके पीछे मुख्य धुन को दोहरा कर इस बिखराव को संभालता है और उसकी शक्ति और उत्साह को वापस लाने में योगदान देता है\| | 2×3=6 |
| 9 | (1)(घ) छोटे सरल सहज वाक्य युक्त शैली के कारण<br>(2)(ख) निर्मला<br>(3)(ख) भगवती चरण वर्मा<br>(4)(ग) पाप- पुण्य ,सत्य -असत्य की बनी धारणाओं को नष्ट किया जा रहा है।<br>(5)ख) मां को एकाग्रचित करना। | 1×5=5 |
| 10 | (क) अपाहिज तथा देशभक्ति की भावना होने के कारण।<br>(ख) उनके साथ रहना चाहती थी। बुढ़ापे में उनकी सेवा करना चाहती थी।<br>(ग) लखनवी अंदाज़' पाठ में, लेखक के डिब्बे में आने पर नवाब साहब ने उनसे बातचीत करने से मना कर दिया था. बाद में, नवाब साहब ने खीर काटा और लेखक से खाने को कहा. नवाब साहब के इस व्यवहार से लेखक को लगा कि उनका व्यवहार दिखावटी है.<br>नवाब साहब के हाव-भाव:<br>नवाब साहब ने लेखक से नज़रें मिलाने से बचना शुरू कर दिया था. | 2×3=6 |

| | | |
|---|---|---|
| | **वे खिड़की के बाहर देखने लगे थे.**<br>**डिब्बे की स्थिति पर गौर करने लगे थे.**<br>**नवाब साहब की आंखों में असंतोष और विघ्न दिख रहा था.**<br>**नवाब साहब का व्यवहार नवाबी ठसक वाला था.**<br>**(घ)उस्ताद बिस्मिल्लाह खान एक महान शहनाई वादक थे. वे अपने कला के प्रति समर्पित थे और एक सीधे-सादे इंसान थे. उनके व्यक्तित्व की कई खासियतें थीं:**<br>**वे ईश्वर के प्रति बहुत श्रद्धावान थे.**<br>**वे जन्म से मुस्लिम थे, लेकिन उन्होंने हिन्दू धर्म का भी बराबर सम्मान किया.**<br>**वे भारत से बहुत प्रेम करते थे.**<br>**उन्हें काशी की मिली-जुली संस्कृति से बहुत प्रेम था.**<br>**वे संगीत के प्रति पूर्णतः समर्पित थे.** | |
| 11 | **1.**प्रदूषण फैलाने तथा बढ़ाने वाले उत्तरदायी कारकों प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा आदि के बारे में लोगों को जागरूक बनाने के साथ-साथ लोगों से अनुरोध करूंगा कि पर्यावरण के लिए हानिकारक वस्तुओं का उपयोग न करें । **2.** विज्ञान के बनाए हथियारों का प्रयोग यथासंभव मानवता की भलाई के लिए ही करें, मनुष्यों के विनाश के लिए नहीं।<br>2प्रकृति के हिमशिखर जल स्तंभ की तरह है। प्रकृति सर्दियों में यहा बर्फ के रूप में जल संग्रह कर लेती है। और गर्मियों में जब चारो ओर जल के लिए त्राहि-त्राहि मचती है तब ये बर्फ पिघलकर नदियों में जल धारा के रूप में बहकर हमारी प्यास को बुझाती है। इस प्रकार प्रकृति ने जल संचय की बहुत उत्तर व्यवस्था कर रखी है।<br>**3.** माता-पिता से प्रेम भाव बढ़ेगा, सामाजिक कार्य करने में रुचि बढ़ेगी, जीव जंतुओं के प्रति प्रेम की भावना उत्पन्न होगी, ईश्वर के प्रति आस्था बनेगी, | 4×2=8 |
| 12 | **अनुच्छेद लेखन,**<br>**भूमिका, विषयवस्तु, भाषा शुद्धता** | 6 |
| 13 | **पत्र लेखन**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 5 |
| 14 | **ईमेल लेखन/स्ववृत्त**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 5 |
| 15 | **संदेश/विज्ञापन**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 4 |
| | | |